[This question paper contains **10** printed pages.]

*Your Roll No.* ....................

**3411** **B**

# LL.B.

## III Term

Paper LB-3033—TAXATION–I

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. (*a*) Define Income and analyse the statement "Any receipt which partakes the nature of income is part *of the income.*"

Comment in the light of case law. 10

(*b*) The assessee, Mr. X is a partner in a firm having 60% of share in profits and losses. He creates a Trust, where beneficiaries are 3 members of his family. He also transfers 50% of his share in the firm by way of Deed of Assignment in favour of Trust out of love and affection. Mr. X claims 50% of income transferred to the trust as Diversion of Income. Decide with the help of cases. 10

(*a*) आय की परिभाषा दीजिए तथा इस कथन का विश्लेषण कीजिए—"आय की प्रकृति में सम्मिलित होने वाली कोई भी प्राप्ति आय का भाग होती है।"

निर्णय विधि को ध्यान में रखते हुए टिप्पणी लिखिए।

(*b*) निर्धारिती मि. X एक फर्म में लाभ तथा हानियों में 60% शेयर रखने वाला भागीदार है। उसने एक न्यास का सृजन किया जिसमें लाभार्थी उसके परिवार के 3 सदस्य हैं। उसने फर्म में अपने 50% शेयर भी अभ्यर्पण-विलेख की रीति से न्यास के पक्ष में प्रेम तथा अनुरागवश अन्तरित कर दिये। मि. X न्यास को अतरित आय के 50% भाग की आय के अपयोजन के रूप में माँग करता है। केसों की सहायता से विनिश्चय कीजिए।

2. Define the term "Agriculture".

Discuss whether the following incomes can be treated as Agricultural Income for the purpose of Income Tax? Give reasons.

(*i*) Dividend paid by the company out of Agricultural Income.

(*ii*) Income from sale of sisal fibre made after processing aloe plants.

(*iii*) Interest on arrears of rent in respect of Agricultural Land.

(*iv*) Income from sale of forest trees. 20

"कृषि" शब्द की परिभाषा कीजिए।

विवेचन कीजिए कि क्या निम्नलिखित आय को आयकर प्रयोजन हेतु कृषि आय माना जा सकता है? कारण उल्लिखित कीजिए।

(*i*) कम्पनी द्वारा कृषि आय से अदा किया गया लाभांश।

(*ii*) घीकुंवर (aloe) के पौधों को संसाधित करने के पश्चात् सिसैल के रेशे की बिक्री से हुई आय।

(*iii*) कृषि भूमि के सम्बन्ध में किराए की बकाया राशि पर ब्याज

(*iv*) वन वृक्षों के विक्रय से हुई आय।

[P. T. O.

3. (*a*) A company formed under Companies Act, creates a superannuation fund for the benefit of its employees, where the premium contribution from the employee and company is $\frac{2}{3}$ rd and rd respectively. Under a clause, the employee can claim to such fund only after expiry of term of 15 years in the said company. The Assessing Officer includes such contribution as taxable under the head salaries for the employees. Decide with the help of cases. 10

(*b*) The assessee, Tea Company, derives its income from sale of tea products. The Director of the company had advanced amount ₹ 20,00,000 to his friend Mr. S, who is a film producer @ 9% p.a. for an upcoming film. Due to certain reasons movie is unsuccessful and the amount advanced is irrecoverable from Mr. S, the assessee company writes off the amount as bad debts. Decide with the help of cases whether the assessee will be successful? 10

(*a*) कम्पनी अधिनियम के तहत गठित एक कम्पनी अपने कर्मचारियों के फायदे हेतु वार्धक्य-निवृत निधि सृजित करती

है जिसमें कर्मचारियों तथा कम्पनी का प्रीमियम अंशदान क्रमश: दो–तिहाई तथा एक–तिहाई है। एक खण्ड के अन्तर्गत कर्मचारी उक्त कम्पनी में केवल 15 वर्षों की अवधि की समाप्ति के बाद ही उक्त निधि से माँग कर सकता है। निर्धारण अधिकारी कर्मचारियों हेतु उक्त अंशदान को वेतन शीर्षक के तहत कराधेय के रूप में शामिल कर लेता है। केसों की सहायता से विनिश्चय कीजिए।

(*b*) निर्धारिती चाय कम्पनी की आय चाय उत्पादों की बिक्री से होती है। उक्त कम्पनी के निदेशक ने ₹ 20,00,000 अपने मित्र S को, जो फिल्म निर्माता है, आने वाली फिल्म के लिए 9% वार्षिक ब्याज पर दिए। कुछ कारणवश मूवी सफल नहीं हो पाई तथा मि. S को उधार दी गई राशि अवसूलीय बन गई। निर्धारिती कम्पनी ने उक्त राशि को डूबत ऋण के रूप में बट्टे खाते में डाल दिया। केसों की सहायता से विनिश्चय कीजिए कि क्या निर्धारिती सफल हो जाएगा ?

4. (*a*) Mr. Sebastian Vittel, participates in Formulae 1 Race at Budh Circuit, India and earns by way of endorsements and winnings ₹ 11 crore. The Assessing Officer charges his income under Income Tax Act, 1961 but he claims he is not an assessee and neither resident in India. Decide. 10

[P. T. O.

(*b*) The Assessee Company carrying on the business in Ceylon, is a subsidiary company of ABC Ltd., which is registered in Mumbai having its Registered Office at Mumbai and meeting of Board of Directors and shareholders are also held in Mumbai. The affairs of assessee company are managed by the two managers, with widest powers and authorities which is conferred upon them by way of Power of Attorney. Decide whether the Assessee Company is Resident Company or not? 10

(*a*) मि. सेबेस्टियन विटेल ने बुद्ध सर्किट, इण्डिया पर फॉर्मूला-1 रेस में भाग लिया तथा उसने समर्थन व विजय के रूप में ₹ 11 करोड़ उपार्जित किए। निर्धारण अधिकारी उसकी आय को आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत प्रभारित करता है, किन्तु वह दावा करता है कि न तो वह निर्धारिती है और न ही भारत का निवासी है। विनिश्चय कीजिए।

(*b*) श्रीलंका में कारबार कर रही निर्धारिती कम्पनी ABC Ltd. की एक समनुषंगी कम्पनी है जो मुम्बई में रजिस्टर्ड है, जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय मुम्बई में है तथा जिसके निदेशक मण्डल और शेयरधारियों की बैठक मुम्बई में आयोजित होती है। निर्धारिती कम्पन के कार्यों का प्रबन्ध

उन व्यापकतम शक्तियों तथा प्राधिकारों के साथ दो प्रबन्धकों द्वारा किया जाता है जो उन्हें पॉवर ऑफ एटॉर्नी द्वारा प्रदत्त किए गए थे। विनिश्चय कीजिए कि क्या निर्धारिती कम्पनी निवासी कम्पनी है या नहीं है?

5. How the annual value of House Property is determined? Discuss "Deemed Owner" under Income from House Property. Give relevant case laws. 20

गृह सम्पत्ति का वार्षिक मूल्य किस प्रकार अवधारित किया जाता है? गृह सम्पत्ति से आय के अन्तर्गत "समझे गए स्वामी" का विवेचन कीजिए। सुसंगत निर्णयविधि का उल्लेख कीजिए।

6. The assessee, Modi Sugar Mills Pvt. Ltd. Co. is carrying on with the business of sale of sugar and factory is situated at Modinagar in U.P. The road was to be constructed to connect Modinagar with Meerut. Under the development scheme promoted by Government of U.P., Central Government, State Government and Sugar Factories were to bear the cost of construction of the road. The Assessee Company contributed ₹ 1,00,000 on request of the Collector. The Assessing Officer considers the amount as Capital Expenditure. Decide and Illustrate with case decisions difference between Capital Expenditure and Revenue Expenditure. 20

निर्धारिती मोदी शुगर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी चीनी-विक्रय का कारबार कर रही है तथा फैक्टरी मोदीनगर (उ.प्र.) में स्थित है। मोदीनगर को मेरठ के साथ जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण उ. प्र. सरकार द्वारा संप्रवर्तित विकास स्कीम के अन्तर्गत किया जाना था। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार तथा फैक्टरियों को सड़क के निर्माण की लागत वहन करनी थी। निर्धारिती कम्पनी ने कलक्टर के अनुरोध पर ₹ 1,00,000 का अंशदान किया। निर्धारण अधिकारी उक्त राशि को पूंजीगत व्यय मानता है। पूंजीगत व्यय तथा राजस्व व्यय के बीच अन्तर का केस विनिश्चियों के साथ सोदाहरण विनिश्चय कीजिए।

7. (*a*) The Assessee is a shareholder in a company. The company goes into liquidation and on account of settlement between the company and shareholders, the company transfers agricultural land as part of full and final settlement between them. The assessee claims exemption from tax on agricultural which are entitled to be excluded while computing the Capital Gains on assets received from company on liquidation. Decide with the help of cases. 10

(*b*) Discuss the law laid down in C.I.T. *Vs*. Rajendra Prasad Moody (1978), 115 ITR 519 (SC). 10

(*a*) निर्धारिती एक कम्पनी में शेयरधारी है। कम्पनी का परिसमापन हो जाता है तथा कम्पनी और शेयरधारियों के बीच समझौते के कारण कम्पनी उनके बीच पूर्ण तथा अन्तिम समझौते के हिस्से के रूप में कृषि भूमि अन्तरित करती है। निर्धारिती कृषि आय पर कर से छूट की माँग करता है जो परिसमापन पर कम्पनी से प्राप्त आस्तियों पर पूंजीगत लाभों की गणना करते समय छूट दिए जाने के हकदार हैं। केसों की सहायता से विनिश्चय कीजिए।

(*b*) सी.आई.टी. **बनाम** राजेन्द्र प्रसाद मूडी (1978), 115 आई. टी.आर. 519 (एस.सी.) में अधिकथित विधि का विवेचन कीजिए।

8. The assessee, Mr. K makes a certain cash gifts to his wife Mrs. M. She invests the part of the amount in shares and part in other securities which during a financial year yielded returns in form of dividends and interests. The Assessing Officer includes such dividends and interests in the assessment of Mr. K to which Mr. K objects.

Decide in the light of provisions relating to aggregation of income along with relevant cases. 20

निर्धारिती मि. के. अपनी पत्नी श्रीमती एम. को कतिपय नकद उपहार देता है। श्रीमती एम. उस उपहार-राशि का कुछ भाग शेयरों

में तथा कुछ भाग अन्य प्रतिभूतियों में निवेशित कर देती है। वित्त वर्ष के दौरान इस निवेश से लाभांश तथा ब्याज के रूप में प्राप्ति होती है। निर्धारण अधिकारी उस लाभांश तथा ब्याज राशि को मि. के. के कर-निर्धारण में शामिल कर लेता है पर मि. के. आपत्ति करता है।

सुसंगत केसों के साथ आय के संकलन सम्बन्धी उपबन्धों को ध्यान में रखते हुए विनिश्चय कीजिए।